Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005
Participants : Rawat Shri Ashok Kumar

an>

Title : Need to provide basic amenities at Naimisaranya in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh with a view to promote tourism and pilgrimage in the region.

श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश राज्य के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत नैमि‍ाारण्य एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। इस क्षेत्र में दधीचि कुंड, पांडव किला, हनुमानगढ़ी, सुदर्शन चक्र, माँ ललित देवी मंदिर (शक्तिपीठ) जैसे बहुत से धार्मिक स्थल हैं। चारों धाम की यात्रा के बाद धार्मिक श्रद्धालु नैमि‍ाारण्य की 84 कोस परिक्रमा करते हैं, तभी यात्रा पूरी मानी जाती है। यहां पर देश के श्रद्धालुओं के साथ साथ विदेशी पर्यटक भी दर्शन करने आते हैं। इन धार्मिक स्थलों का महत्व मूलभूत पुराणों में भी वर्णित है, लेकिन आज भी इन स्थलों में जरूरी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। केन्द्र द्वारा धार्मिक स्थलों के आधुनिकीकरण के लिए प्रतिर्वा राज्यों को निधि आबंटित की जाती है, लेकिन राज्यों द्वारा इन स्थलों के विकास तथा सुविधा पहुंचाने हेतु समुचित ध्यान नहीं दिया जाता है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त धार्मिक स्थल के महत्व को देखते हुए इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने हेतु अंतर्राज्यीय बस अड्डा स्थापित करने, नैमि‍ाारण्य व मिश्रिख को रेलवे तथा राट्रीय राजमार्ग जोडने के साथ साथ आवश्यक मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु समुचित कदम उठाये जायें।